भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के लिए ये हफ्ता एक बुरे सपने की तरह, 67 साल के दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर का कैंसर से निधन

बिहार में 38 में 29 जिले कोरोना की चपेट में, कोरोना पॉजिटिवों की संख्या बढ़कर 403, अब तक 65 मरीज हुए ठीक

मोतिहारी में दूसरी बार पुलिस टीम पर हमला, महिला कांस्टेबल सहित सात सिपाही जख्मी

कोरोना वायरस लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद कहा, लॉकडाउन को बढ़ाने पर 3 मई के बाद निर्णय

WINNER GROUP OF COMPANIES
WINNER CREDIT CO-OPRATIVE SOCIETY LIMITED

NEWS TODAY Update

युवराज न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 08 तिथि : 30 अप्रैल 2020 (मूल अंक) मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

# न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल अंक

## भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के लिए ये हफ्ता एक बुरे सपने की तरह, 67 साल के दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर का कैंसर से निधन



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह :




भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के लिए ये हफ्ता एक बुरे सपने की तरह चल रहा है. बुधवार को शानदार कलाकार इरफान खान ने दुनिया को अलविदा कहा और अब गुरुवार को दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर का निधन हो गया. बुधवार को ही ऋषि कपूर को मुंबई के एक अस्पताल में आईसीयू में भर्ती करवाया गया था और गुरुवार को वह दुनिया छोड़ कर चले गए. ऋषि कपूर 67 साल के थे और कैंसर से पीड़ित थे.

ऋषि कपूर के दोस्त, रिश्तेदार और सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने गुरुवार को ट्वीट कर ऋषि कपूर के निधन की जानकारी दी. उन्होंने लिखा, 'वो गया. ऋषि कपूर गए. अभी उनका निधन हुआ. मैं टूट गया हूं.'

कपूर परिवार की ओर से ऋषि कपूर के भाई रणधीर कपूर ने भी निधन की जानकारी दी. ऋषि कपूर को बुधवार उनके परिवार ने एच एन रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया था. रात को ऋषि कपूर को सांस लेने में तकलीफ आई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया. इस दौरान अस्पताल में ऋषि की पत्नी नीतू सिंह, भाई रणधीर कपूर समेत परिवार के अन्य लोग मौजूद थे.

29 अप्रैल को हिंदी सिनेमा ने एक्टर इरफान खान को खोया था. अब इरफान के निधन के 1 दिन बाद 30 अप्रैल को ऋषि कपूर अलविदा कह गए. बैक टू बैक दो दिग्गज अभिनेताओं को गवां देना फिल्म इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा झटका है.

## कोरोना वायरस लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद कहा, लॉकडाउन को बढ़ाने पर 3 मई के बाद निर्णय



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना वायरस संक्रमण की देश में मौजूदा स्थिति और इस कारण 25 मार्च से लागू लॉकडाउन सहित अन्य विषयों पर सोमवार को विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर चर्चा की. समझा जाता है कि बैठक में देश को लॉकडाउन से चरणबद्ध तरीके से बाहर लाने के उपायों पर भी विचार विमर्श हुआ. सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि लॉकडाउन का देश को लाभ मिला है.
सामूहिक प्रयासों का असर अब दिख रहा है. उन्होंने लॉकडाउन पर राज्यों को संयम बरतने का मंत्री भी दिया. सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने कहा कि लॉकडाउन खोलने को लेकर एक नीति तैयार करनी होगी. राज्य अपनी नीति तैयार करें कि कैसे रेड, ग्रीन और ऑरेंज जोन को खोलना है. बैठक के दौरान, नौ राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने विचार प्रधानमंत्री के सामने रखे. इनमें से चार मुख्यमंत्रियों ने लॉकडाउन को बढ़ाने का सुझाव दिया है. पीएम मोदी ने कहा कि 3 मई के बाद निर्णय होगा, जो प्रदेश ज्यादा प्रभावित वहां लॉकडाउन जारी रहेगा जिन राज्यों में स्थिति ठीक है वहां जिलावार रियायत दी जाएगी.
गृह मंत्री शाह ने बैठक में कहा, जहां–जहां लॉकडाउन भंग की घटनाएं हो रही हैं उन्हें तुरंत रोकने का प्रयास करें. दुनिया में दो लाख से ज्यादा लोगों की कोरोनावायरस से मौत हुई, उसके अपेक्षा हमारी स्थिति अच्छी है. उन्होंने कहा कि कोरोना से यह लड़ाई लंबी है, हमें धैर्यपूर्वक लड़ना है. केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने इस बैठक से दूरी बनायी.
बैठक में हिस्सा ले रहे तमाम राज्यों के मुख्यमंत्री मास्क लगाए नजर आये तो वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने हरे रंग के बॉर्डर वाले सफेद गमछे से मुंह को ढंका हुआ था. सरकार के सूत्रों ने रविवार को संकेत दिए थे कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के बीच महामारी से निपटने के तरीकों पर चर्चा के अलावा, लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के उपायों पर भी विचार विमर्श हो सकता है. उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये देश में 25 अप्रैल से 14 मई तक 21 दिन और 13 अप्रैल से तीन मई तक 19 दिन का लॉकडाउन घोषित किया जा चुका है.

### लॉकडाउन के भविष्य पर होगा फैसला

इससे पहले 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की थी. तब 14 अप्रैल को लॉकडाउन खत्म होने वाला था. इस बैठक में भी ज्यादातर मुख्यमंत्रियों ने लॉकडाउन बढ़ाने की मांग की थी. प्रधानमंत्री मोदी ने फिर 14 अप्रैल को घोषणा की थी कि लॉकडाउन को 3 मई तक बढ़ाया जा रहा है. अब इसी बैठक में तय होना है कि लॉकडाउन 3 का ऐलान किया जाएगा या नहीं.

## बिहार में 38 में 29 जिले कोरोना की चपेट में, कोरोना पॉजिटिवों की संख्या बढ़कर 403,अब तक 65 मरीज हुए ठीक



आशीष राज,
स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे




बिहार में कोरोना का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है. राज्य में बुधवार को कुल 37 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है. पश्चिमी चंपारण जिले में पहली बार कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद राज्य के 38 में 29 जिले इसकी चपेट में आ गये हैं. इनमें बक्सर के 14 और पश्चिमी चंपारण के पांच, दरभंगा के चार, पटना व रोहतास के तीन–तीन, बेगूसराय व भोजपुर के दो–दो और वैशाली, मधेपुरा, औरंगाबाद व सीतामढ़ी के एक–एक मरीज शामिल हैं. इसके साथ ही राज्य में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या बढ़कर 403 हो गयी है. बक्सर 40 मरीजों के साथ नालंदा को पछाड़ कर अब तीसरे नंबर पर आ गया है. वहीं, पहले नंबर पर मुंगेर और दूसरे नंबर पर पटना है.वहीं मंगलवार को बिहार में कोरोना के 20 नए संक्रमित मरीज मिले थे.

### प्रशासन ने दिये निर्देश

राजधानी पटना में अगर निजी स्कूल 10 अप्रैल को जारी आदेश का उल्लंघन करेंगे तो अब स्कूलों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी जायेगी. लगातार फीस मांगने की शिकायत जिला प्रशासन को मिल रही है. लॉकडाउन के चलते बंद पड़े निजी स्कूलों की ओर से बच्चों की फीस जमा करवाने का मैसेज लगातार पैरेंट्स के मोबाइल पर आ रहा है. लगातार मैसेज से अभिभावक भी परेशान हैं.

### अब तक 65 मरीज हुए ठीक

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग कोरोना और एइएस एक्यूट एंसिफ्लाइटिस सिंड्रोम का प्रभाव रोकने लिए हर मोर्चे पर तैयार है. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के निर्देशानुसार एक मई से पूरे सूबे में डोर–टू–डोर स्क्रीनिंग की जायेगी. सात जिलों सीवान, बेगूसराय, नवादा, नालंदा, गया, मुंगेर और शेखपुरा में डोर टू डोर स्क्रीनिंग पूरी हो चुकी है. उन्होंने कहा कि विभाग की बेहतर व्यवस्था का ही परिणाम है कि बुधवार को और एक मरीज सहित 65 संक्रमित कोरोना के काल से बाहर निकल चुके हैं.




## जिलाधिकारी ने केन्द्रीय कारा मोतिहारी का निरीक्षण किया, सामाजिक दूरी का पूर्ण रूप हो रहा था पालन




पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी ने बुधवार को केन्द्रीय कारा मोतिहारी का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने केन्द्रीय कारा में कैदियों द्वारा किए जा रहे मास्क निर्माण कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि कारा के अंदर मास्क निर्माण के क्रम में, रसोई तथा अन्य स्थलों पर सभी कैदियों द्वारा सामाजिक दूरी का पालन पूर्ण रूप से किया जा रहा है। कारा में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था भी की गई है जो प्रशंसनीय है।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण उत्पन्न परिस्थितियों से निबटने हेतु सभी से पुनः सामाजिक दूरी का पालन करने के साथ ही सभी लोगों से मास्क पहनने और 20 सेकेण्ड तक हाथ धोने के निर्देश दिए।

## मोतिहारी में दूसरी बार पुलिस टीम पर हमला, महिला कांस्टेबल सहित सात सिपाही जख्मी



रिंकू गिरी,स्थानीय संवाददाता, न्यूज टुडे




पुलिस को कोरोनावायरस को लेकर सोशल डिस्टेंसिंग और लॉकडाउन का पालन करने की नसीहत देना पुलिसकर्मियों को काफी महंगा पड़ गया. गश्ती के दौरान पुलिस ने बाहर निकले युवकों को घर में जाने को कहा तो ग्रामीण भड़क गए और पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया. घटना जिले के पकड़ीदयाल के सीसाहनी गांव की है. मोतिहारी में ग्रामीणों ने दूसरी बार पुलिस पर हमला किया है। पुलिस टीम पर हुए इस हमले में महिला समेत सात पुलिसकर्मी जख्मी हो गए हैं .

पुलिस टीम पर हमले की सूचना मिली वैसे ही जिले के एसपी मौके पर पहुंचे. एसपी के नेतृत्व में पुलिस की पिटाई करनेवालों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही हैं. इस वारदात के बाद कई थानों की पुलिस के अवाला एसपी नवीन चंद्र झा भी मौके पर पहुंचे और मामले की तहकीकात की. घटना में शामिल 20 से अधिक लोगो को हिरासत में लिया गया है.

पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के सिसहनी गांव की इस घटना को पुलिस मुख्यालय ने भी काफी गंभीरता से लिया है और सभी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजने का आदेश दिया है.

लॉकडाउन को लेकर पुलिसकर्मी इलाके में गश्ती कर रहे थे. इस दौरान गश्त कर रहे पुलिस के जवानों ने घर से बाहर निकल कर बैठे युवकों वापस घर में जाने को कहा इससे लोग आक्रोशित होकर भड़क गए और पुलिस टीम पर हमला बोल दिया.

Yuvaraj Media & Entertainment's
NEWS TODAY Update
www.newstodayupdate.in
युवराज न्यूज़ टुडे आपकी आवाज़ RNI:- BIHHIN05409
News Today - सदैव सत्य के साथ

CSC ID: 117745760015
Digital India Power To Empower
CSC
E-GOVERNANCE SERVICES INDIA LIMITED
भारत सरकार
डिजिटल सेवा
कॉमन सर्विस सेन्टर
अष्ठाना-निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401.
मो०: 9471005272 / 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# कोरोना वायरस महामारी के कारण पूरे देश में लॉकडाउन है और हम सभी अपने घरों में हो गये हैं बंद, कहां-कहां और कितनी देर टिक सकता है कोरोना वायरस, बता रहे हैं एक्सपर्ट्स



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह




कोरोना वायरस महामारी के कारण पूरे देश में लॉकडाउन है और हम सभी अपने घरों में बंद हो गये हैं. लेकिन किराने का सामान, दवाएं और जरूरत की अन्य चीजें लेने के लिए हमें थोड़ी देर के लिए घर से बाहर निकलना ही पड़ता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स हिदायत दे रहे हैं कि जब भी कहीं बाहर से आएं, तो सबसे पहले हाथ को साबुन से कम से कम 20 सेकेंड्स तक अच्छे से साफ करें. ऐसे में लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि क्या बाहर से आने के बाद हाथों की तरह कपड़े साफ करने की जरूरत भी है. जूते साफ करने चाहिए, बालों को तुरंत शैंपू कर नहाना चाहिए. बीच–बीच में अखबारों को लेकर कई तरह की अफवाहें उड़ती रहीं हैं. आइये जानते हैं, इन सभी में कितनी सच्चाई है.

### क्या बाहर से आने के बाद मुझे कपड़े बदलने चाहिए और नहाना चाहिए?

एक्सपर्ट्स का कहना है कि कपड़े बदलना या नहाना जरूरी नहीं है. हालांकि, कहीं से लौटने के बाद अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोना जरूरी है. ये सच है कि संक्रमित शख्स की छींक या खांसी, हवा के माध्यम से वायरल बूंदों और छोटे कणों को फैला सकती है, लेकिन उनमें से ज्यादातर जमीन पर गिर जाते हैं. स्टडी से पता चलता है कि कुछ छोटे वायरल कण हवा में लगभग आधे घंटे तक तैर सकते हैं, लेकिन उनके आपके कपड़ों पर आने की संभावना कम है. छोटी बूंदें और वायरल कण किसी शख्स के पास हवा के फ्लो को फॉलो करते हैं. इंसान इतनी जल्दी से मूव नहीं करते. जैसे–जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हम हवा को रास्ते से बाहर धकेलते हैं, और अधिकांश बूंदें और कण भी बाहर हो जाती हैं.

### क्या हवा में तैरते हुए वायरल कण और छोटी बूंदें कपड़ों पर टिक सकते हैं?

कोरोना वायरस जैसे फ्लू वायरस, साबुन के सामने कमजोर पड़ जाते हैं. तो अगर आप डिटरजेंट या साबुन से कपड़ों को धो रहे हैं, तो ये वायरस को खत्म करने के लिए काफी है. अगर आप किसी बीमार शख्स का खयाल रख रहे हैं, तो दस्ताने पहन कर सफाई करें. उनके कपड़ों या बिस्तर को झाड़े नहीं और गर्म पानी से साफ करने के बाद उन्हें अच्छे से सुखाएं. इस तरह के वायरस, प्लास्टिक और स्टील के मुकाबले, कपड़ों पर जल्दी सूख कर खत्म हो जाते हैं. इसलिए, अगर कपड़ों को कुछ देर ऐसे ही छोड़ दिया जाए, तो भी इससे वायरस के खत्म होने की संभावना बढ़ जाती है. द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में छपी एक स्टडी के मुताबिक, ये वायरस मेटल और प्लास्टिक पर 3 दिन और कार्डबोर्ड पर 24 घंटों तक रह सकता है. हालांकि, स्टडी में फैब्रिक (कपड़ों) का जिक्र नहीं है.

### क्या बालों और दाढ़ी पर भी कोरोना का वायरस रह सकता है?

क्योंकि वायरस के बहुत कम कण हवा में होते हैं, इसलिए इसके दाढ़ी या बालों में आने की संभावना कम हो जाती है. अगर कोई आपके पीछे छींकता है, तो भी आपके बालों पर गिरने वाली बूंदें संक्रमण का सोर्स नहीं होंगी. हालांकि, लंबी दाढ़ी रखने वालों को सवाधानी बरतने की जरूरत है. दाढ़ी वाले लोगों के चेहरे पर मास्क लगाने से लीकेज का खतरा 20 गुणा तक बढ़ जाता है. इसलिए वर्तमान के हालातों को देखते हुए विशेषज्ञ दाढ़ी को क्लीन रखने की सलाह दे रहे हैं. अमेरिका के नेशनल पब्लिक हेल्थ इंस्टीट्यूट सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन का कहना है कि दाढ़ी रखने से मास्क पहनने में परेशानी होती है और वो पूरी तरह स्किन को छू नहीं पाता है. पूरी तरह से स्किन फीट मास्क न होने के कारण शरीर में बैक्टीरिया प्रवेश कर सकते हैं और कोरोना वायरस का खतरा बढ़ सकता है.

### क्या अखबार या पैकेज को लेकर बरतनी चाहिए सावधानी?

मेल या पैकेज से बीमार होने का रिस्क काफी कम है. पैकेज खोलने या अखबार पढ़ने से किसी के बीमार होने को लेकर कोई केस सामने नहीं आया है. हालांकि, आपको सावधानी बरतनी चाहिए. मेल या पैकेज खोलने या अखबार पढ़ने के बाद, पैकेजिंग को फेंक दें और अपने हाथों को अच्छे से धो लें. अगर आप अभी भी इसे लेकर परेशान हैं, तो न्यू इंग्लैंड जर्नल स्टडी के मुताबिक, मेल या पैकेज को खोलने से पहले उन्हें 24 घंटे ऐसे ही रहने दें. यूएस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, जीवित कोशिकाओं के बाहर ज्यादातर सतहों पर कोरोना वायरस बहुत समय तक जिंदा नहीं रहता है. वायरोलॉजिस्ट का कहना है कि जब आप अखबार छूते हैं तो संक्रमण फैलने की आशंका तकरीबन न के बराबर होती है.

### क्या बाहर से आने के बाद जूतों को भी धो देना चाहिए?

इस बात में कोई दोराय नहीं कि कोरोना वायरस से बचने के लिए हमें खुद की साफ–सफाई रखना बेहद जरूरी है. जूते वायरस का वाहक हो सकती हैं. ऐसे में हो सकता है कि आप जूतों या चप्पलों को रोज न धोएं, लेकिन कम–से–कम इन जूतों–चप्पलों को चार से पांच घंटे धूप में जरूर रखें. जब भी बाहर निकलें जूतों के साथ मोजे पहनना न भूलें, लेकिन हां सबसे ज्यादा ध्यान देने वाली बात इन मोजों को नियमित धोएं. ऐसा इसलिए क्योंकि अगर किसी कारण इन पर कोरोना वायरस होगा भी तो वह आपकी बॉडी में प्रवेश नहीं कर पायेगा. जूतों की साफ–सफाई के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल जरूर करें.

NEWS TODAY Update newstodayupdate.in
Web News Portal: www.newstodayupdate.in
न्यूज टुडे — राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका
Yuvaraj Media & Entertainment — An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# इंटर के दो छात्रों ने साइकिल से किया किशन का अपहरण, 24 घण्टे में अपहृत बच्चा मुक्त , महिला सहित तीन गिरफ्तार



रिंकू गिरी,
स्थानीय संवाददाता




दरपा थाना क्षेत्र से अपहृत एक 7 वर्षीय बच्चे को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर नगर थाने के आजाद नगर मांसपूरी मोहल्ले से सकुशल बरामद कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुक्त कराया गया रामनगर गाव का किशन कुमार सुभाष चन्द्र आर्य का बेटा है। सुभाष नियोजित शिक्षक है , जिससे अपराधियो ने 10 लाख फिरौती की मांग की थी।अपहरणकर्ता में दो पुरुष व एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। एसपी नवीन चन्द्र झा ने पत्रकारों को बताया कि वह मोबाइल फोन भी बरामद कर ली गई है जिससे फिरौती माँगी गई थी। गिरफ्तार अपहरणकर्ता अजित कुमार अपहृत किशन का पड़ोसी है , वही दूसरा अपहरणकर्ता दिलीप कुमार अजित का मित्र है। वही मोतिहारी के आजाद नगर में महिला शीला देवी के संरक्ष्ण में बच्चे को रखा गया था। शीला का पति शहर में ही फल बेचता है। एसपी ने कहा है कि अजित ने साइकिल से ही फ्रूटी पिलाने के नाम पर उक्त बच्चे को फुसला कर मोतिहारी लाया। दोनो अपहर्ता इंटर के छात्र है।पुलिस को पूछताछ में दोनों ने कहा कि पढ़ाई के लिये पैसा इकठ्ठा करने के लिये किशन का अपहरण किया था।

### दो घण्टे में 10 लाख दे दो

मंगलवार को अपहृत 7 वर्षीय छात्र किशन के अपहर्ताओं ने फोन कर फिरौती की रकम 2 घण्टे के अंदर पहुंचाने की बात कही। इस दौरान पैसा पहुचाने की जगह को बार–बार बदलने लगे। जिसकी जानकारी पुलिस की टेक्निकल सेल को मिल गई थी। इसी आधार पर अपहर्ता अमित और दिलीप गिरफ्तार किए गए। बताया गया है कि पहले फोन कर बलुआ नदी के पास बुलाया गया। वही कुछ ही देर में दोबारा कॉल कर हीरामणि आने को कहा गया। इसके बाद तकरीबन 2:00 बजे किशन के पिता को अपहरणकर्ताओं का फिर से कॉल आया और उसे पैसा लेकर सेनवरिया आने को कहा गया, इसके शीघ्र बाद अपहरणकर्ताओं ने कॉल कर इस डील को बुधवार के रोज करने का हुक्म सुना दिया।

### आपसी विवाद में अपहरण किये जाने की चर्चा

किशन अपहरण कांड के पीछे गाव का भी विवाद भी एक कारण बताया जा रहा है। पुलिस दोनों परिवारों के सम्बंध को खंगाल रगी है। वही इस मामले में शामिल कुछ अन्य लोगो का भी जानकारी जुटाया जा रहा है।

### छापेमारी टीम

पुलिस की छापेमारी टीम में रक्सौल डीएसपी संजय झा छौड़ादानो सर्किल इंस्पेक्टर नित्यानंद चौहान , महुआवा थाना प्रभारी अनिल कुमार, राजेपुर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी अभिनव दुबे , छौड़ादानो थाना प्रभारी प्रभाकर पाठक, दरपर थाना प्रभारी अजीत कुमार, नित्यानंद कुमार टेक्निकल सेल के सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार, मनोज कुमार, सिपाही चिरंजीवी कुमार नित्यानंद दुबे आदि शामिल थे।



# मोबाइल झपटमार गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार, बुलेट सहित तीन बाइक जप्त

सम्राट, संवाददाता




नगर थाने की पुलिस ने मोबाइल झपटमारी करने वाले एक बड़े गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर छीनी गई एक मोबाइल फोन के अलावे 3 बाइक जप्त की है। तीनों झपटमार नगर थाना क्षेत्र के बेलीसराय मोहल्ले का विजय कुमार, विजय का भाई विक्की कुमार व रघुनाथपुर का आजाद शामिल है। वही राजू व संदीप फरार है। जिनके साथ मिलकर विजय महंगी एण्डरवायड फोन छीनकर लाता था। बदमाशो के पास से तीन दिन पहले चांदमारी से छीनी गई मोबाइल फोन के अलावे बदमाशो की एक अपाचे , सुपर स्प्लेंडर व एक बुलेट बाइक जबत की गई है। बाइको का कागजात खंगाला जा रहा कि बाइके कही चोरी की तो नही है।

मामले में एसपी नवीन चंद्र झा ने बताया है कि उक्त मोबाइल फोन को छीन कर बदमाश ओ एल एक्स पर डालकर उसे बेधड़क बेचने का भी काम करते थे।चांदमारी एमएस कालेज के समीप के सूजीत कुमार के बेटा आयुष का मोबाइल फोन छीन कर उसी से ओ एल एक्स पर बेचने के लिये बदमाश चौटइंग करने लगे। जिसकी सूचना आयुष ने पुलिस को दी और उक्त तीनों पकड़े गए। मामले में सुजीत कुमार सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई है। छापेमारी टीम में सदर डीएसपी अरुण कुमार गुप्ता, नगर इंस्पेक्टर अभय कुमार, सब इंस्पेक्टर नीतिन कुमार, एके झा, एएसआई मनोज कुमार राय आदि शामिल थे।

NEWS TODAY Update newstodayupdate.in
Web News Portal: www.newstodayupdate.in
न्यूज टुडे — राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका
Yuvaraj Media & Entertainment — An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830
NEWS TODAY Update
www.newstodayupdate.in
Yuvaraj Media & Entertainment
Regd. No.: 20469, Western India Film Producers Association, Mumbai.
Regd. Off.: Asthana Niwas, Mathiya Zirat, Motihari-845401, Bihar.
Mumbai Off.: B-3-6, 2-4, Sumangal Apartment, Sector-3, Vashi, Navi Mumbai-400703.
Delhi Off.: RZ/G 129B, Mahabir Enclave, Part 1, Old Som Bazar Behind Delhi Porperties, Dashrathpuri, New Delhi - 110045.

# मोतिहारी ऑटो चालक संघ के जिलाध्यक्ष ने सभी ऑटो चालकों के मद्द के लिए बिहार सरकार से राहत की मांग की है



अफजल आलम
न्यूज टुडे,




बिहार राज्य ऑटो चालक संघ पूर्वी चंपारण के जिलाध्यक्ष शाहिद अख्तर ने बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार से सभी ऑटो चालक भाइयों के लिए मदद की गुहार लगाई है।

उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पुरे मोतिहारी शहर में लगभग दो हजार टैंपू चालक हैं। जो कि पूर्व से शहर में दैनिक रूप से टेम्पो चलाकर अपने पूरे परिवार का भरण–पोषण करते आ रहे हैं।

आज देश में कोरोना महामारी के दौरान पुरे शहर में लाक डाउन के वजह से सभी ऑटो चालक के परिवार की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। जिसमें सभी ऑटो चालक भाई का ऑटो चलाने पर प्रतिबंध होने के कारण से अपना परिवार का भरण–पोषण नहीं कर पा रहे हैं। पूरे शहर में ऑटो बंद होने के कारण से रूपये के अभाव में पूरे आटो चालक के परिवार के सदस्य भुखमरी के कगार पर है।

इन सारी समस्याओं को देखते हुए बिहार राज्य आज ऑटो चालक संघ के जिलाध्यक्ष शाहिद अख्तर ने बिहार के मुख्यमंत्री से अपील करते कहा कि सभी ऑटो चालको को आर्थिक मदद के रूप में पाँच हजार रुपये की मदद करने की अपील किया है।

# आंधी-पानी, बारिश एवं ओलावृष्टि से गेहूं की फसल बर्बाद, वर्षा के कारण गेहूं के बोझा में अंकुरण आना शुरू



संतोष राऊत न्यूज टुडे,




पताही पिछले लगभग एक सप्ताह से प्रखंड क्षेत्र में हो रही आंधी–पानी एवं ओलावृष्टि से पताही प्रखंड सहित जिले में लगी गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है। लॉक डाउन का पालन करते हुए किसान धीरे–धीरे अपनी गेहूं की फसल की कटाई कर रहे हैं लेकिन पिछले कई दिनों से हो रही वर्षा के कारण गेहूं के बोझा में अंकुरण आना शुरू हो गया है।

हर रोज किसान अपनी गेहूं की बोझा को धूप में सूखआते हैं तो शाम में बारिश फिर उसे भींगा देती है ऐसे में गेहूं की दाने में अंकुरण आना शुरू हो गया है। इसके साथ ही सुबह में पताही के आसपास के क्षेत्रों मे जोरदार बारिश होने से गेहूं की फसल ज्यादा बर्बाद हो गए हैं।

किसान कुमोद रंजन, राकेश सिंह, जगनारायण सिंह, महेश सिंह, मनोज सिंह, प्रिंस कुमार, रंग लाल साह, गगनदेव साह, दिनेश ने बताया कि कोरोना संकट के बीच बिन मौसम बरसात ने हम सभी किसानों की कमर तोड़ दी है। लॉक डाउन के चलते किसान खेतों में लगी अपनी फसल को नहीं काट पा रहे थे। ऊपर से बारिश के साथ ओलावृष्टि ने किसानों की पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया है। बेमौसम बारिश ने किसानों की खेती चौपट कर दिया है। प्रखंड क्षेत्र में कुदरत का कहर इस तरह से बरपा है कि खेतों में लगी फसल चौपट हो गई है।

इधर प्रखंड कृषि कोडिनेटर श्रुति सिंहा ने बताया कि किसानों के फसल नुकसान का आकलन नहीं मांगा गया है और नहीं मेरे द्वारा बड़े अधिकारियों को अवगत कराया गया है क्योंकि लगभग 75% गेहूं की कटनी प्रखण्ड क्षेत्र में हो चुकी है । तब सवाल उठाता है कि ऐसे में किसानों का भला कैसे होगा।

S.M. SHOAIB HASHMI
E & W TRUST GROUP OF
INSTITUTIONS B.ED. COURSE
At- Parsa Pakaria, Pathan Patti Narkatiya, Motihari, East Champaran
Recognized by NCTE Bhubaneshwar and affiliated to BRABU, Muzaffarpur
Venue : Head Office : Hashmi Compound Chitkohar Anishabad, Patna
Phone - 0612 - 2258618
Mob. No.-8271495808, 9431252888

M/s UTTAR BIHAR CONSTRUCTION COMPANY
Sports Club Road, Chatauni, Motihari, East Champaran
Shekhar Fuel
Patahi, East Champaran
Managing Director
Sanjay Singh

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

**न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :**

## कोरोना संक्रमण से बचने के लिए शहर से सटे रघुनाथपुर के ग्रामीणों ने बंजरिया से सम्पर्क पथ चचरी पुल पर चलाया बुलडोजर, बंजरिया से जुड़ने वाले सभी पथ को किया सील




न्यूज टुडे टीम अपडेट :
तुरकौलिया–मोतिहारी, बिहार :

बंजरिया में कोरोना संक्रमण मरीज मिलने के बाद कोरोना संक्रमण से बचने के लिए शहर से सटे रघुनाथपुर के ग्रामीणों ने बंजरिया से सम्पर्क पथ चचरी पुल पर बुलडोजर चलाकर बंजरिया से जुड़ने वाले सभी पथ को सील कर दिया है।

स्थानीय लोगों ने कोरोना संक्रमण से बचने के लिए कठोर कदम उठाते हुए चंदा इक्कठा कर धनौती नदी पर रघुनाथपुर वृतिया में बने चचरी पुल पर बोल्डोजर चलवाकर ध्वस्त करवा दिया ताकि कोई व्यक्ति उधर से इधर न आ सके और नाही इधर से उधर जा सके। ग्रामीणों ने बंजरिया में कोरोना संक्रमण मरीज मिलने के बाद यह कदम उठाया है।




## राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का इलाज कर रहे डॉक्टर का एक मरीज कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद राजद सुप्रीमो को लेकर अब उनके घरवाले चिंतित



आशीष राज,
स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे

रांची के रिम्स में इलाज करा रहे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को लेकर अब उनके घर वालों को चिंता सताने लगी है। इसे लेकर मंगलवार को बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी चिंता जताई है। बता दें कि रांची में लालू यादव का इलाज कर रहे डॉक्टर उमेश प्रसाद का एक मरीज कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इसके बाद से वहां हड़कंप मच गया है। इलाज कर रहे डॉक्टर क्वारंटाइन में चले गए हैं और पॉजिटिव के संपर्क में आने वाले अन्य लोगों को खोजा जा रहा है।

इधर, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को अपने पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बारे में कोरोना को लेकर चिंता सता रही है। मंगलवार को उन्होंने बयान जारी कर कहा कि कोरोना जैसी महामारी के मामले में मेरे पिता लालू प्रसाद यादव सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि 72 साल की उम्र में उन्हें पहले से ही कई तरह की गंभीर बीमारियां हैं। ऐसे में लालू जी का इलाज कर रहे डॉक्टरों का कोरोना संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आना और उन्हें क्वा. रंटाइन करने संबंधित खबरों के बारे में जानना वास्तव में तनावपूर्ण और चिंताजनक है।




राजद नेता ने कहा कि लालू प्रसाद के लिए बिहार–झारखंड के 16 करोड़ चिंतित हैं। मुझे भी चिंता है कि किडनी, हॉर्ट एवं शुगर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों से जूझते हुए राजद प्रमुख को कोरोना जैसी संक्रमित महामारी से खतरा है। तेजस्वी ने लालू प्रसाद के इलाज में जुटे डॉक्टरों से अत्यधिक सुरक्षा और सावधानी रखने का आर्ग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिसके पास परिवार है, वही ऐसे दर्द और तनाव को महसूस कर सकता है, जिससे हम गुजर रहे हैं।

गौरतलब है कि चारा घोटाले के चार मामलों के सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव पहले ही 13 गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। वे क्रॉनिक किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। लालू के शुगर में भी बराबर उतार–चढ़ाव होता रहता है। ऐसे में राजद सुप्रीमो की ओर से कोरोना संक्रमण का खतरा बताते हुए पहले ही पैरोल की मांग की गई थी। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल, होटवार के काराधीक्षक और जेल महानिरीक्षक ने भी लालू को कोरोना का खतरा बताते हुए रिम्स के पेइंग वार्ड से अलग शिफ्ट करने पर गृह विभाग को चिट्ठी लिखी थी।

# बड़े–बड़े उपचार के लिए नीम, तुलसी व अमरूद की पत्तियां चबाएं, लाखों की दवाओं से छुटकारा पाएं




न्यूज टुडे टीम अपडेट :
जैसा कि हम जानते हैं चौन की जिंदगी तो गांवों में बसती है. ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि इस भाग–दौड़ भरी जिंदगी में लोगों का रहन–सहन और खान–पान काफी हद तक बिगड़ गया है. लोग दवाओं पर निर्भर हो गए हैं. साल भर में कई मरीज, लाखों की दवाएं खा जा रहे हैं. कुल मिलाकर हमारे जीवन की गाड़ी दवाएं से ही चल रही है. लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है पहले के लोग कैसे ज्यादा उम्र तक जीते थे, ऐसा बिल्कुल नहीं है कि वे बीमार नहीं पड़ते होंगे. दरअसल, अभी डॉक्टर, जबकि पहले वैद्य हुआ करते थे. और वे जड़ी बूटीयों से ही लोगों को स्वस्थ कर दिया करते थे.

हमारे आसपास भी कई ऐसी जड़ी–बूटियां मौजूद होती है जिससे हम अपना प्राथमिक के अलावा, बड़े–बड़े उपचार भी कर सकते हैं. तो आइये जानते है ऐसे ही कुछ उपचारों और जड़ी बूटीयों के बारे में...

नीम की पत्तियों से उपचार

– नीम के पेड़ केवल गर्मी में ठंड का एहसास ही नहीं बल्कि कई बीमारियों के उपचार में कारगर है
– इनकी छोटी डाली या पत्तियां घर में मलेरिया फैलाने वाले मच्छर समेत वातावरण में मौजूद किटाणुओं को भगाने में कारगार है
– इसकी पत्तियों को पीस कर फेस में लेप लगाने से चेहरे पर रौनक तो आती ही हैं साथ में मुहांसे और डेड सेल्स को भी साफ करने में कारगार है.
– इसके कई गुणों के कारण गांवों में नीम के पेड़ को ही दवाखाना माना जाता है, इसके फल, पत्ते, टहनियां सब औषधी के रूप में काम आती है
– इसके पत्ते को प्रतिदिन सुबह खाली पेट चबाने से कई तरह के रोग छूमंतर हो सकते हैं. यह पेट सहित पूरे शरीर में मौजूद बैक्टिरिया को समाप्त करके पेट साफ र खता है
– इसकी पत्तियां चबाने से इम्यूनिटी भी बढ़ती है जो बीमारियों से लड़ने में शरीर को मजबूत बनाता है
– कई औषधीय गुणों के कारण यह मधुमेह, कैंसर, एलर्जी, अल्सर, पीलिया समेत अन्य बड़े इलाजों में भी दवा के रूप में काम में लाया जाता है.
– हाल ही में आपने होली के समय सुना होगा कि लोग कोरोना वायरस को वातावरण से भगाने के लिए अगजा में इसके पत्ती और डालियां जला रहे थे. हालांकि, यह कितना सच है ये तो शोध का विषय लेकिन, किसी भी किटाणुओं को मारने में आज भी शहर के लोग भी सबसे पहले नीम पर भरोसा करते है.

तुलसी की पत्तियां खाने के फायदे

– तुलसी की पत्तियों के कई फायदे हैं. प्रतिदिन पांच पत्तियों के सेवन से आपको अद्भुत लाभ मिल सकता है.
– आयुर्वेद विशेषज्ञों की मानें तो यौन रोगों को ठीक करने में इसके बीज काफी है. इसके बीज का नियमित इस्तेमाल आपके यौन–दुर्बलता और नपुंसकता में काफी फायदेमंद साबित हो सकता है.
– सांस की दुर्गंध दूर करने के लिए करने के लौंग, तुलसी के पत्ते काफी फायदेमंद माने गए हैं.
– इसके पत्तों प्रतिदिन चबाना चाहिए इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है. यह म.िहलाओं की अनियमित पीरियड्स की समस्या को दूर कर सकता है.
– सर्दी–जुकाम या हल्का बुखार हो, मिश्री, काली मिर्च और तुलसी के पत्ते को मिलाकर काढ़ा बनाकर पिएं. चमत्कारी लाभ मिलेगा.
– दस्त से परेशान हैं तो इसके पत्तों को जीरे के साथ मिलाकर पीस लें. और दिन में 5–6 बार चाटें. दस्त रुक जाती है.
– एंटी–बैक्टीरियल गुणों के कारण चोट वाले जगह पर लगाने से घाव को पकने नहीं देता. इसके पत्ते को तेल में मिलाकर लगाने से जलन भी कम होती है.
– स्कीन संबंधी समस्याओं को दूर करने में कारगार है. इससे कील–मुहांसे खत्म हो जाते हैं और चेहरा साफ होता है.
– तुलसी के बीज से कैंसर का भी इलाज संभव है. कई शोधों से ऐसा मालूम चला है.

अमरूद के पत्तों के फायदे

– अमरूद के पत्तों में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल गुण और एंटी–इंफ्लेमेट्री गुणों होते हैं. यही कारण है कि यह त्वचा, बाल और स्वास्थ्य की देखभाल के लिए इसकी पततियों के रस का सेवन करना चाहिए.
– एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण अमरूद के पत्तें वजन घटाने में मददगार साबित होते हैं
– मधुमेह के रोगियों के लिए भी काफी फायदेमंद है
– यह ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करते है
– डायरिया जैसी समस्याओं से भी निजात दिलाते हैं
– इसके पत्ते पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में भी सहायक
– इसके अलावा मुहं में पड़े छाले को भी इसके पत्तों के चबाने से समाप्त किया जा सकता है

नोटः ये उपचार सदियों से चलने वाले कुछ घरेलू उपचार है. जिसे अपना कर आप हानिकारक दवाएं खाने से बच सकते हैं. हालांकि, इसे अपनाने से पहले आप डॉक्टर से जरूर परामर्श ले लें.

## निजामुद्दीन स्थित तब्लीगी मरकज में आए जमातियों का पता लगाने में दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर अपनी काबिलियत साबित की, सूची गृह मंत्रालय को सौंपी




ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




निजामुद्दीन स्थित तब्लीगी मरकज में आए जमातियों का पता लगाने में दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर अपनी काबिलियत साबित की है। जमातियों की वजह से जिस तेजी से देशभर में कोरोना का संक्रमण फैल रहा था, अगर पुलिस ने उनके बारे में पता लगाने के लिए पेशेवर तरीका न अपनाया होता तो स्थिति और भयावह हो सकती थी। एक सप्ताह पूर्व पुलिस ने अधिकतर जमातियों का पता लगा लिया और सूची गृह मंत्रालय को सौंप दी है। करीब 10 हजार जमातियों के मरकज में आने की बात सामने आई है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार मरकज में दुनियाभर से आए जमातियों का पता लगाना बड़ी चुनौती थी। पहले मरकज में ठहरे देश–विदेश से आए तकरीबन 2300 जमातियों को बाहर निकालकर उनकी जांच कराई गई। इसके बाद 28 मार्च से पहले जो लोग देश के अलग–अलग राज्यों को लौट चुके थे, उनके बारे में पता लगाया गया।
पुलिस की एक बड़ी टीम जहां जमातियों की सूची तैयार करने में जुटी रही, वहीं दूसरी बड़ी टीम उन सभी की लोकेशन व कॉल रिकार्ड खंगालने में जुट गई थी।
जमातियों का डाटा तैयार कर पुलिस की सभी यूनिटों स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच, विजिलेंस, आर्थिक अपराध शाखा, पीसीआर, नारकोटिक्स, महिला अपराध शाखा, साइबर सेल, सिक्योरिटी ब्रांच, सभी 15 जिले की पुलिस व जिले के स्पेशल स्टाफ, वाहन चोरी निरोधक दस्ता, जिला अन्वेषण इकाई व पहली से लेकर 12 वीं बटालियन में तैनात करीब 10 हजार पुलिस कर्मियों को सौंप दिया गया।
हर पुलिसकर्मी को पांच जमातियों की लोकेशन व कॉल डिटेल के अलावा उनके संपर्क में आने वाले लोगों के भी नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि का डाटा सौंप दिया गया। उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई कि पांचों जमातियों के अलावा उनके संपर्क में आए लोगों से पूछताछ कर पता लगाएं कि उनमें कोई बीमार है अथवा नहीं। किसी के बीमार मिलने पर तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचित कर इलाज के लिए भिजवाया गया। वहीं, संदिग्ध लोगों पर नजर रखी गई। जमात में शामिल होकर अलग–अलग राज्यों को लौट चुके लोगों के बारे में वहां की पुलिस को नजर रखने को कहा गया।

## ब्रावो फार्मा के चेयरमैन राकेश पांडेय ने शहर के मकान एवम लॉज मालिकों से गरीब छात्रों के रेन्ट में छूट या माफ करने की अपील की, कहा - विपरीत परिस्थितियों में छात्रों को करेंगे मदद, छात्रों में हर्ष का माहौल



सम्राट, संवाददाता

ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक सह ब्रावो फार्मा के चेयरमैन राकेश पांडेय ने शुक्रवार को लंदन से सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव आकर मोतिहारी शहर के सभी मकान व लॉज मालिकों से जिनके यहाँ चम्पारण के विभिन्न गांवों से आकर गरीब छात्र रहकर पढ़ाई करते हैं एवम लॉक डाउन के चलते अपने गावँ या घर नही जा सके हैं, को लेकर एक अपील किये हैं कि या तो उन गरीब छात्रों का रेंट माफ कर दिया जाए या उन्हें कुछ छूट दे दी जाए।

श्री पांडेय ने आगे कहा है कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में हम सभी की महती भूमिका बनती है कि एक दूसरे का मदद अवश्य करें।अगर किसी कारणवश मकान या लॉज मालिक ऐसा नहीं कर पाते हैं तो ब्रावो फाउंडेशन अपने स्तर से शहर के विभिन्न मकानों या लॉजों में फसे हुए छात्रों के रेंट देने में सहयोग अवश्य करेगा।

श्री पांडेय की इस घोषणा से शहर के विभिन्न मकानों या लॉजों में लॉक डाउन के दौरान रह रहे गरीब छात्रों में इस विपरीत परिस्थिति में हर्ष का माहौल कायम हो गया है क्यूंकि यह एक बहुत बड़ी समस्या हो गई थी गरीब छात्रों के लिए की वे कहा से और कैसे रूम रेंट देंगे।

ज्ञात हो कि ब्रावो फाउंडेशन के द्वारा इस कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए पिछले महीने ही विभिन्न विभागों एवम संस्थाओं में लगभग तीस हजार मास्क वितरण किया गया है साथ ही लॉक डाउन के दौरान जरूरतमंदों के बीच सूखा खाद्य सामग्री का वितरण लगातार जारी है। श्री पांडेय ने कहा हैं कि आगे भी फाउंडेशन के सक्रिय सदस्यों के सहयोग से चम्पारण में मदद हर प्रकार से जारी रहेगा।

Yuvaraj Media & Entertainment's
NEWS TODAY Update
A National News Portal
www.newstodayupdate.in

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# एक महीने से जारी लॉकडाउन के बीच लाखों दुकानदारों और आम लोगों को बड़ी राहत देते हुए केंद्र सरकार ने शनिवार से सभी तरह की दुकानें खोलने की अनुमति दी



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया

पिछले एक महीने से जारी लॉकडाउन के बीच लाखों दुकानदारों और आम लोगों को बड़ी राहत देते हुए केंद्र सरकार ने शनिवार से सभी तरह की दुकानें खोलने की अनुमति दे दी है। इसमें जरूरी और गैर–जरूरी सामान की दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों में काम करने वालों को लॉकडाउन के लिए जारी दिशानिर्देशों का पालन करना होगा। लेकिन शॉपिंग मॉल्स और मार्केट कांप्लेक्स को खोलने की अनुमति नहीं दी गई है।

गृह मंत्रालय का यह आदेश ऐसे समय में आया है जब इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान शनिवार से शुरू हो रहा है। शुक्रवार मध्य रात्रि के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 15 अप्रैल को जारी अपने आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि लॉकडाउन के दौरान देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दुकानें और स्थापना अधिनियम के तहत पंजीकृत और नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में मौजूद आवासीय परिसरों व निकट पड़ोस (गली मोहल्ले) की दुकानों के साथ ही एकल दुकानें खोलने की अनुमति होगी।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इन दुकानों में 50 फीसद कर्मचारी ही काम करेंगे। उन्हें शारीरिक दूरी बनाए रखते हुए मास्क पहनना होगा और लॉकडाउन की शर्तों का पालन करना होगा। 24 मार्च से बंद गली मोहल्लों की दुकानें सरकार के इस फैसले से खुल जाएंगी और जिससे लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मंत्रालय ने भी साफ कर दिया है कि हॉटस्पॉट और कंटेनमेंट जोन में किसी तरह की छूट नहीं दी गई है।

### माल्स में दुकानें नहीं खुलेंगी

मल्टी और सिंगल ब्रांड के माल्स में मौजूद दुकानों को ये छूट नहीं मिलेगी। यानी माल्स में दुकानें नहीं खुलेंगी। नगर निगम क्षेत्र में आस–पड़ोस की दुकानें खोलने की अनुमति होगी। लेकिन निगम क्षेत्र में मार्केट परिसर में मौजूद दुकानें तीन मई तक बंद रहेंगी।

### नहीं खुलेंगी हॉटस्पॉट जोन की दुकानें

गौरतलब है कि लॉकडाउन अभी 3 मई तक चलेगा। कोरोना हॉटस्पॉट और कंटेनमेंट जोन में स्थित दुकानों को अभी खोलने की छूट नहीं मिली है। लॉकडाउन के दौरान सिर्फ जरूरी सामान वाले दुकानों को ही खोलने की इजाजत थी। इसमें राशन, सब्जी और फल की दुकानें शामिल हैं। अब




सभी जरूरी और गैरजरूरी दुकानों को खोलने की अनुमति देने से उम्मीद है कि कारोबार एक बार फिर पटरी पर आएगा। एक महीने से जारी लॉकडाउन के चलते दुकानें बंद रहने से व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान हो चुका है।

गृह मंत्रालय ने लगाई हैं कुछ शर्तें

गृह मंत्रालय की तरफ से जारी हुए आदेश के मुताबिक केंद्र सरकार ने आवासीय कॉलोनियों के समीप बनी दुकानों और स्टैंड–अलोन दुकानों को खोलने की इजाजत दे दी है जो नगरपालिका निगमों और नगर पालिकाओं की सीमा के भीतर आती हों। लेकिन इस इजाजत के साथ गृह मंत्रालय ने कुछ शर्तें भी लागू की हैं।

### आइये जानते हैं, शर्तों के मुताबिक इन सभी में कितनी सच्चाई है

1–सभी दुकानें संबंधित राज्यध्केंद्र शासित प्रदेशों के स्थापना अधिनियम के तहत पंजीकृत होनीं चाहिए।

2– दुकानों में सिर्फ आधा स्टाफ ही काम कर सकेगा।

3– स्टाफ द्वारा मास्क लगाना अनिवार्य होगा।

4– दुकानदार और ग्राहक को शारीरिक दूरी जैसे उपायों को भी निभाना होगा।

स्कूली किताबों की दुकानों को पहले ही दी छूट

आपको बता दें कि इससे पहले 21 अप्रैल को सरकार ने आवश्यक कदम उठाते हुए स्कूली पुस्तकों की दुकानों को खोलने की अनुमति दे दी थी। इसके अलावा बिजली के पंखे बेचने वाली दुकानों को भी प्रतिबंधों की सूची से बाहर कर दिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा था कि शहरी क्षेत्रों में स्थित ब्रेड फैक्टरियां और आटा मिल भी लॉकडाउन के दौरान काम शुरू कर सकते हैं।

कोरोना वायरस लॉकडाउन का असर बच्चों की पढ़ाई पर न पड़े, इसके लिए सरकार ने यह कदम उठाया था।

# बिना राशन कार्ड वालों को भी दी जाएगी सहायता राशिः अनुपम कुमार



रिंकू गिरी,
स्थानीय संवाददाता,




सूचना जनसम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी. अनुपम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है उन्हें भी सहायता राशि के तौर पर 1000 रुपए दिए जाएंगे.

### 11 लाख 28 हजार आवेदकों के राशन कार्ड को मंजूरी

सूचना जनसम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार ने बताया कि 36 लाख रिजेक्टेड और पेंडिंग राशन कार्डधारियों के आवेदन आए हैं. जिनमें से 11 लाख 28 हजार आवेदकों के राशन कार्ड बनाने की मंजूरी दे दी गई है. बाकि बचे लोगों का भी राशन कार्ड जल्द ही बना दिया जाएगा. जिन लोगों का राशन कार्ड अब तक नहीं बना है जीविका के माध्यम से उनकी पहचान कर उन्हें भी लाभ दिया जाएगा.

### चल रहे 196 आपदा राहत केंद्र

अनुपम कुमार ने बताया कि बिहार में कोरोना पॉजिटिव केस का आंकड़ा 96 है. राज्य में 196 आपदा राहत केन्द्र चलाए जा रहे हैं. जिसका लाभ 61 हजार 3 सौ 24 लोग उठा रहे हैं. पंचायत स्तर पर स्थित 989 क्वारेंटाईन सेंटर में 8 हजार 2 सौ 33 लोग रह रहे हैं, जिन्हें भोजन और चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराई जा रही है.

### आवेदकों के खाते में दिए जा रहे हजार रूपये

लॉक डाउन के कारण बिहार के बाहर फंसे बिहार के लोगों के अब तक 17 लाख 40 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं. जिनमें से 11 लाख 70 हजार आवेदकों के खाते में 1000 रूपये की राशि स्वीकृत हो गई है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिहार फाउंडेशन के जरिए राज्य के बाहर फंसे 9 राज्यों के 12 शहरों में 55 राहत केन्द्र चलाए जा रहे हैं. जिसका 9 लाख 6 हजार 9 सौ 38 लोग लाभ ले रहे हैं.

### 104 लोगों पर एफआईआर दर्ज

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जानकारी देते हुए एडीजी पुलिस मुख्यालय जितेन्द्र कुमार ने कहा कि लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है. सोशल मीडिया पर कोविड 19 को लेकर भ्रम फैलाने वाले 104 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है और 79 लोगों की गिरफ्तारी हुई है.

### 36 पीडीएस केन्द्रों को किया गया रद्द

राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत पर 267 पीडीएस केन्द्रों की जांच की गई. जिसमें 144 पर एफआईआर दर्ज और 127 को निलंबित किया गया है. वहीं, 36 पीडीएस केन्द्रों को रद्द कर दिया गया है. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार सिंह

# समाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए लगातार सातवें दिन भी भोजन पैकेट्स का वितरण




नीरज शर्मा, उप संपादक, न्यूज टुडे

एस एन एस विद्यापीठ, मोतिहारी के चेयरमैन, प्रसिद्ध समाजसेवी व शिक्षाविद आलोक शर्मा द्वारा समाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए लगातार सातवें दिन भी भोजन पैकेट्स का वितरण करवाया गया।

उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन अनिल कुमार ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि आलोक शर्मा जी द्वारा भूखे प्यासे को भोजन उपलब्ध कराना इस महामारी में काबिले तारीफ है। इस प्रकार के उत्कृष्ट कार्य से समाज में सकारात्मक सोच और प्रभाव गतिमान रहता है।

वही भूमिसुधार उपसमाहर्ता मोतिहारी सदर ने कहा कि भूखे को और जरूरत मंद को भोजन कराना पुण्य का काम है। भोजन पैकेट्स को सदर अस्पताल परिसर में रोगियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों, रिक्शा चालकों, रेलवे स्टेशन,शहर के प्रत्येक पुलिस चौकी, जरूरत मंदो और कोरोना योद्धाओं की बीच वितरण किया गया।

ऊक्त मौके पर न्यूज टुडे के पत्रकार नीरज शर्मा, राजेश सिंह, आनंद कुमार सिंह, बीडियो मुखिया, बबलू ठाकुर, प्रमोद कुमार सिंह, संजय रमण, सत्यप्रकाश, संजय सत्यार्थी, उमेश ठाकुर, रिपु सिंह, शिक्षक नेता डॉ राधामोहन यादव, भुनेश्वर सिंह, राकेश सिंह, रविरंजन नेता, नीरज सिंह, सहित अन्य समाजसेवी कर्मयोगी उपस्थित थे।

# सोशल डिस्टेंस का बखूबी पालन करते हुए मुखिया कौ निगरानी में मुफ्त अनाजों का वितरण

न्यूज टुडे टीम अपडेटः पताही,मोतिहारी, बिहार




पूर्वी चम्पारण जिला के पताही प्रखंड अंतर्गत पताही पूर्वी पंचायत में राशन वितरण के दौरान पहुंचे मुखिया कृष्ण मोहन कुमार राशन लेने वाले लोगों से राशन वितरण के एवं सोशल डिस्टेंस के संबंध में समझाया। उपस्थित लोगों ने मुखिया को बताया कि डीलर ललन दुबे द्वारा चावल 3 रुपये और गेहूं 2 रुपए प्रति यूनिट देने कि बात कही। साथ में डीलर श्री दुबे द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए अहम जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि कोरोना महामारी को लेकर सरकार के द्वारा लोगो को घर मे रहने को कहा गया है। इसी के तहत पताही पूर्वी पंचायत के डीलर ललन दुबे के द्वारा पताही पूर्वी पंचायत के मुखिया और वाडो निगरानी में सरकारी दिशा निर्देशानुसार शत– प्रतिशत मुफ्त अनाज चावल का वितरण किया गया। डीलर के द्वारा प्रत्येक कार्ड धारी व्यक्ति को प्रत्येक यूनिट 5 किलों दर से चावल का वितरण किया गया। इस दौरान सोशल डिस्टेंस का बखूबी पालन किया गया।

# कोरोना संकट के इस काल में राजाबाजार स्थित २५ बिहार बटालियन एन.सी.सी.द्वारा समाज सेवा






कोरोना संकट के इस काल में राजाबाजार स्थित 25 बिहार बटालियन एन.सी.सी.द्वारा समाज सेवा का कार्य अनवरत जारी है।इस क्रम में जहां आज एक ओर समाज के गरीब और निःसहाय बच्चों को सोशल डिस्टेंसिंग का खयाल रखते हुए गरम गरम नाश्ता कराया गया।

वहीं दूसरी ओर एन.सी.सी.सीनियर विंग की कैडेटों द्वारा अपने हाथों से तैयार किया गया 50 मास्क लोगों को प्रदान किया गया। बटालियन कमांडर कर्नल विक्रम सेढ़ा ने बतलाया कि कल 100मास्क और बांटे जाएंगे।उन्होंने बतलाया कि जिला प्रशासन के सहयोग में बटालियन के कुल 103 कैडेट्स शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर अपने दायित्व का निर्वाह पूरी लगन एवम् ईमानदारी के साथ कर रहे हैं।

एन.सी.सी.पदाधिकारी कैप्टन राजेश कुमार, कैप्टन अरुण कुमार और थर्ड ऑफिसर उमेश कुमार कैडेटों का दिशा निर्देश मनोयोग पूर्वक कर रहे हैं। इसी क्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच, बलुआ और प्रधान डाक घर में आनेवाले लोगों और विशेष कर महिलाओं को कैडेटों ने सोशल दिस्टेंसिंग के तहत एक एक मीटर का फासला रखते हुए लाईन में लगवाया।

# देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान छूट वाली सेवाओं को लेकर गृह मंत्रालय का स्पष्टीकरण जारी, अब किताब और मोबाइल रिचार्ज की दुकानें भी



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान छूट वाली सेवाओं को लेकर गृह मंत्रालय ने स्पष्टीकरण जारी किया है। मंत्रालय का कहना है कि पहले जारी दिशा–निर्देशों के तहत घरों में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की सेवा में लगे अटेंडेंट को काम करने की इजाजत है। प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज की दुकानों, ब्रेड फैक्ट्री और आटा मिल को भी परिचालन की अनुमति दी जा चुकी है। इलेक्ट्रिक फैन और स्कूली किताबों की बिक्री की भी इजाजत है।

### छूट वाली सेवाओं पर असमंजस को लेकर सरकार ने साफ की स्थिति

गृह मंत्रालय ने बताया कि अब तक जारी दिशा–निर्देशों के तहत सेवाओं और गतिविधियों को मिली छूट को लेकर आ रहे प्रश्नों को देखने के बाद नए सिरे से नोट जारी किया जा रहा है। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को दी गई जानकारी में मंत्रालय ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में लॉकडाउन के दौरान ब्रेड फैक्ट्री जैसी फूड प्रोसेसिंग इकाइयों, दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों, आटा व दाल मिल आदि को परिचालन की अनुमति है। कृषि एवं बागवानी से जुड़े शोध केंद्र, बीजों व बागवानी उत्पादों के जांच केंद्र भी काम कर सकते हैं। मधुमक्खियों का छत्ता, शहद और इस तरह के अन्य उत्पादों को राज्य के भीतर या एक से दूसरे राज्यों में ले जाने की भी अनुमति है।

### पहले के दिशानिर्देशों को स्पष्ट करते हुए गृह मंत्रालय ने दी जानकारी

मंत्रालय ने कहा कि निचले स्तर पर किसी तरह का भ्रम नहीं पैदा हो, इसलिए जिला अधिकारियों और फील्ड एजेंसियों को इस संबंध में सूचित किया जाए। मंत्रालय ने बंदरगाहों पर गतिविधियों के लिए भी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी किया है।




मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी कार्यालय, फैक्ट्री या संस्थान में काम के दौरान फिजिकल डिस्टेंसिंग से जुड़े प्रावधानों के पालन में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सरकार कृषि एवं इससे संबंधित गतिविधियों को भी पूरी तरह मंजूरी दे चुकी है। इनमें फसलों की कटाई, बोआई और खरीद आदि शामिल हैं। ग्रीन जोन में फिजिकल डिस्टेंसिंग और सुरक्षा के अन्य मानकों के पालन के साथ कुछ उद्योगों को भी परिचालन की अनुमति दी गई है।

### पब, सिनेमाहॉल, बार, मॉल, जिम आदि और सभी शैक्षणिक संस्थान बंद

रेड जोन व ऑरेंज जोन में गतिविधियों को छूट नहीं दी गई है। वहां लॉकडाउन का सख्ती से पालन होता रहेगा। जहां संक्रमण के ज्यादा मामले हैं, उन्हें रेड जोन में रखा गया है। नियंत्रित मामले वाले क्षेत्रों को ऑरेंज जोन में और संक्रमण मुक्त क्षेत्रों को ग्रीन जोन में रखा गया है। पब, सिनेमाहॉल, बार, मॉल, जिम आदि और सभी शैक्षणिक संस्थान हर जगह बंद रहेंगे।

### इन्हें भी है अनुमति

–घरों में वरिष्ठ नागरिकों की सेवा में लगे अटेंडेंट
–आटा और दाल मिल, ब्रेड की फैक्ट्री का परिचालन
–दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयां भी कर सकती हैं काम

# जनता की शिकायत पर प्रशिक्षु आईपीएस ने जन वितरण दुकानों का किया निरीक्षण



संतोष राऊत न्यूज




जिला अधिकारी कपिल अशोक शीर्षत के निर्देश पर गुरुवार को प्रशिक्षु आईपीएस अरविंद प्रताप सिंह प्रखंड मुख्यालय स्थित जन वितरण विक्रेता ललन द्विवेदी की दुकान जांच की। प्रखंड की जनता की शिकायत पर प्रशिक्षु आईपीएस श्री सिंह यहां जांच करने आए थे।

प्रशिक्षु एसपी श्री सिंह ने बताया कि पिंन्टू कुमार अमलेश कुमार अन्य लोगों द्वारा राशन किरासन के वितरण में जन वितरण दुकानदार द्वारा अनियमितता बरतने की शिकायत मिली थी। राशन की राशन लेने आए लाभुकों से राशन वितरण के संबंध में वं राशन दर के संबंध में जांच की गई है। जांच उपरांत आपसी मतभेद का मामला सामने आया है।

उन्होंने जन वितरण विक्रेता को हिदायत देते हुए राशन किरासन सही माप तौल के साथ उचित मूल्य पर देने की निर्देश देते हुए दुबारा शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर अपर अनुमंडल पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंचलाधिकारी रोहित कुमार व मुखिया कृष्ण मोहन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कोरोना संक्रमित मिलने के बाद शिवहर से जुड़ी पूर्वी चंपारण की सभी सीमाएं सील






रिंकू गिरी, स्थानीय संवाददाता

शिवहर जिले के गढ़वा गांव में कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद शिवहर से जुड़ी जिले की सभी सीमाएं पूरी तरह सील कर दी गई हैं। फेनहारा, पताही, मधुबन, तेतरिया आदि जगहों पर सड़क पर बांस–बल्ले लगाकर आवाजाही बंद कर दी गई है। इनमें से अधिकांश जगहों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल की स्थायी प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है। वहीं, मधुबन में प्रसिद्ध मेला बाजार को भी पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत ने बताया कि शिवहर से जुड़ी जिले की सीमाओं पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। इस इलाके के एसडीएम, प्रखंड विकास पदाधिकारी व संबंधित थानों की पुलिस को कड़ी हिदायत दी गई है कि किसी भी परिस्थिति में शिवहर से पूर्वी चम्पारण के बीच अनाधिकृत आवागमन नहीं होना चाहिए।

यहां बता दें कि बुधवार को शिवहर के गढ़वा गांव में पूर्वी चम्पारण के फेनहारा प्रखंड निवासी एक युवक में कोरोना पाजिटिव पाया गया था। इसको लेकर प्रशासनिक व स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी सतर्कता बरत रही है।

NEWS TODAY UPDATE
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830



# रिश्वतखोरी के मामले में सर्किल इंस्पेक्टर के आवास पर छापेमारी, रिश्वत में लिए गए रुपये बरामद, एफआईआर दर्ज करवाने के पश्चात निलंबित किया एसपी ने

आशीष राज, स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे

मोतिहारी जिले के सुगौली थाना के निवर्तमान सर्किल इंस्पेक्टर किशोर कुमार के कार्यालय और आवास पर पुलिस ने देर शाम सघन छापेमारी की. दरअसल, एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि सर्किल इंस्पेक्टर ने एक मामले में मदद के एवज में रिश्वत लिया है. एसपी नवीनचंद्र झा के निर्देश पर एएसपी शैशव यादव ने छापा मारा. जहां से रिश्वत के 31 हजार रुपये को बरामद किया गया है.




जानकारी के मुताबिक देर रात तक यह छापेमारी जारी रही. हालांकि, इस दौरान थाना परिसर में चहलकदमी कर रहे आरोपी इंस्पेक्टर किशोर कुमार भाग खड़े हुए. बताया जाता है कि सुगौली थाना क्षेत्र के मन. सिंघा पंचायत स्थित नकरदेई गांव के रहने वाले एक युवक से केस में पैरवी के लिए सर्किल इंस्पेक्टर ने रुपये की मांग की थी. युवक ने इसकी जानकारी एसपी नवीनचंद्र झा को दी. जिसके बाद एसपी नवीन चन्द्र झा ने इंस्पेक्टर को रंगे हाथ ट्रैप करने के लिए एएसपी शैशव यादव की के नेतृत्व में एक टीम बनाई। टीम में एएसपी के साथ लगभग दर्जन भर पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल के जवान मौजूद थे। गुरुवार की देर शाम छापेमारी टीम ने पुलिस निरीक्षक के आवास पर छापेमारी की। पुलिस को देखकर कमरा से कुछ रुपया लेकर इंस्पेक्टर किशोर कुमार अपने सहयोगी के साथ भाग निकले।

### नोट का सीरियल था टीम के पास पहले से मौजूद

एसपी नवीनचंद्र झा के निर्देश पर एएसपी शैशव यादव की टीम ने इंस्पेक्टर के आवास पर छापा मारा. इस दौरान इंस्पेक्टर लगभग 30 हजार रुपये लेकर फरार हो गए. जबकि इंस्पेक्टर के पत्नी के पास से 31 हजार रुपये बरामद हुए हैं.फिलहाल, बरामद रुपये के सिरियल नंबर का मिलान किया जा रहा है.

### 20 अप्रैल को इंस्पेक्टर का हो गया था तबादला, एफआईआर दर्ज करवाने के पश्चात निलंबित

बता दें कि एसपी ने सर्किल इंस्पेक्टर किशोर कुमार का तबादला सुगौली से चकिया सर्किल में बीते 20 अप्रैल को कर दिया था.इंस्पेक्टर किशोर कुमार ने सुगौली में अपने पदस्थापना के दौरान थानाध्यक्ष रोहित कुमार के खिलाफ कई रिपोर्ट एसपी को दी थी. उसके बाद से स्थानीय थाना में अधिकारियों के बीच खींचातानी जारी थी. लिहाजा, एसपी ने सर्किल इंस्पेक्टर किशोर कुमार का तबादला करने के बाद थानाध्यक्ष रोहित कुमार को लाइन क्लोज कर दिया. इधर एसपी नवीन चंद्र झा ने सर्किल इंस्पेक्टर किशोर कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के पश्चात निलंबित कर दिया है.

# राशन से वंचित दर्जनों कार्ड धारकों ने किया हंगामा, डीलरों ने कहा-1615 उपभोक्ता में महज 1320 कार्ड का आवंटन होने से हमेशा हंगामा की स्थिति



संतोष राऊत न्यूज टुडे,




पूर्वी चंपारण के संग्रामपुर प्रखंड स्थित भटवलिया पंचायत में राशन से वंचित दर्जनों कार्ड धारकों ने शुक्रवार को शारीरिक दूरी को धता बताते हुए हंगामा किया। कार्ड धारक बच्ची देवी,पशुपति देवी, चंदन साह, रामबाबू सहनी, विक्रमा गिरि आदि का कहना था कि राशन कार्ड हैं। जो कि नेट पर डाले गए सूची में नाम दिखा रहा हैं, लेकिन राशन नहीं मिल रहा हैं। कार्ड धारकों की माने तो पॉस मशीन पर नाम भी दिख रहा हैं तब भी राशन से वंचित हैं।

### 1615 उपभोक्ता में महज 1320 कार्ड का आवंटन

वही जनवितरण दुकानदार बच्चा बैठा व दुकान प्रतिनिधि वरुण कुमार सिंह, बंका सिंह,नन्द किशोर पाठक,प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से बताया की पंचायत में कुल 1615 उपभोक्ता हैं। जबकि उठाव महज 1320 कार्ड धारियों का ही होता है। जिससे हमेशा हंगामा की स्थिति उत्पन्न होते रहता है। डीलरों की माने तो बच्चा बैठा के पास 334 उपभोक्ता हैं, जबकि उन्हें 298 उपभोक्ता का आबंटन मिलता हैं।बांका सिंह को 412 उपभोक्ता हैं जबकि उन्हें महज 322 लोगों का ही आबंटन मिलता है। जबकि राजकुमारी देवी को 361 उपभोक्ता हैं जबकि उन्हें भी 273 का राशन मिलता हैं। प्रियंका कुमारी को 227 उपभोक्ता हैं जबकि 142 का आबंटन मिलता हैं,नन्द किशोर पाठक को 281 उपभोक्ता है जबकि इनके द्वारा मार्च में 285 उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराया गया है।

इस मामले में सबसे दिलचस्प पहलू यह हैं कि पूरे पंचायत में पांच डीलरों के बीच 295 उपभोक्ताओं का राशन नहीं मिल पाता है। साथ वर्ष 2016 में 78 उपभोक्ताओं का राशन कार्ड रद्द करते हुए आवंटन को भी बंद कर दिया गया हैं। जिसको लेकर आये दिन रद्द कार्ड कार्डधारियों द्वारा साजिश के तहत हमेशा हो हल्ला किया जाता हैं जिससे डीलर परेशान। जबकि इसकी जानकारी अनुमंडल से लेकर जिला के अधिकारियों तक है।

# कोरोना को लेकर सील किये शिवहर बॉर्डर का जिला के पुलिस कप्तान नवीनचंद्र झा ने किया निरीक्षण



संतोष राऊत न्यूज टुडे,




कोरोना को लेकर सील किये शिवहर बॉर्डर का स्थानीय प्रशासन के साथ जिला के पुलिस कप्तान नवीनचंद्र झा ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कप्तान ने एनएच 104 पर चकिया–शिवहर पथ के बंजरिया पुल के पास सील बॉर्डर का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस पथ पर पास वाली गाडियों के साथ माल ढुलाई वाले वाहनों का ही परिचालन होगा। नियमित वाहन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जब्ती के साथ प्राथमिकी भी दर्ज की जाय।

मौके पर पकड़ीदयाल के पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय, बीडीओ विपुल भारद्वाज, सीओ राकेश रंजन, थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

# हॉट स्पॉट बने दिल्ली से एक ही वाहन पर सवार होकर पांच युवक युवक दिल्ली से मोतिहारी के ढाका प्रखंड पहुंचे, वाहन पर दिल्ली सरकार के प्रशासन द्वारा अनुमति प्रमाण पत्र था चस्पा



अफजल आलम
न्यूज टुडे,




कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर लागू लॉकडाउन का कई मामलों में जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर अनदेखी भी की जा रही है।

ऐसा ही एक मामला गुरूवार को ढाका में सामने आया। कोरोना संक्रमण को लेकर हॉट स्पॉट बना दिल्ली से एक ही वाहन पर सवार होकर ढाका प्रखंड के पांच युवक युवक दिल्ली से यहां पहुंच गये। सभी पांचों चंदनबारा गांव के बताये गये हैं। सभी को स्क्रीनिंग करने के बाद क्वारंटाइन कर दिया गया है।

बताया जाता है कि पांचों जिस चारपहिया वाहन से पहुंचे उसपर दिल्ली सरकार के प्रशासन द्वारा अनुमति प्रमाण पत्र चस्पा था। मगर पास पर लॉकडाउन के दौरान उनके यहां आने का प्रयोजन व वाहन में बैठनेवाले लोगों की संख्या का जिक्र नहीं था। यहीं कारण है कि उसपर एक साथ पांच युवक सवार थे।

# नगर पार्षद अमरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बापूधाम मोतिहारी स्टेशन को सैनिटाइज किया गया



रिंकू गिरी,
स्थानीय संवाददाता




कोरोना संक्रमण को लेकर देश में लॉकडाउन लागू होने के बाद से ही सामाजिक संस्था ग्रीन एंड क्लीन का शहर और मोहल्लों का सैनिटाइज करने का अभियान जारी है।

इसी कड़ी में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष, जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह नगर पार्षद अमरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को बापूधाम मोतिहारी स्टेशन को सैनिटाइज किया गया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, रेल थाना, आरपीएफ पोस्ट, स्टेशन मास्टर कार्यालय को सैनिटाइज किया गया।

इस दौरान संस्था ने स्टेशन परिसर और सर्कुलेटिंग एरिया में चूना व ब्लीचिंग का छिड़काव किया। साथ ही स्टेशन पर मौजूद रेल पुलिस, आरपीएफ और सफाईकर्मियों के बीच मास्क का वितरण किया।

इस अभियान में ओम वर्मा, गुड्डू सहारा, अवकाश प्राप्त शिक्षक अमित सेन, आलोक रंजन, नारायण पासवान, संजय वर्मा, करण सिंह, अरविद स्वर्णकार, अजय वर्मा, राजीव कुमार भारद्वाज, विनोद जायसवाल, भरत गुप्ता, विवेक वर्मा, दीपक आदि शामिल थे।



















## कोरोना योद्धाओं को सांग 'तेरी मिट्टी' के माध्यम से ट्रिब्यूट देने के लिए ऋतिक रोशन ने अक्षय कुमार, करण जौहर, परिणीति चोपड़ा और 'केसरी' की पूरी टीम की जमकर सराहना की



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,
न्यूज टुडे




ऋतिक रोशन अक्षय कुमार, करण जौहर, परिणीति चोपड़ा और 'केसरी' की पूरी टीम की जमकर सराहना कर रहे हैं स इसके पीछे कारण यह है कि पूरी टीम ने कोरोना योद्धाओं को सांग 'तेरी मिट्टी' के माध्यम से ट्रिब्यूट दिया हैं, जो हमें जिंदा रखने के लिए हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर लड़ रहे हैं।फिल्म 'केसरी' के गाने 'तेरी मिट्टी' को फिर से बनाकर पूरी टीम कोरोना योद्धाओं को पूरे देश की ओर से प्रणाम किया हैं।

इस गाने के बारे में ट्विटर पर अक्षय ने लिखा, 'सुना था डॉक्टर्स भगवान का रूप होते है लेकिन कोरोना वायरस की इस लड़ाई में देख भी लिया I #TeriMittitribute हमारे डॉक्टरों के लिएस' हाल ही में हुई हमले की घटनाओं को भी इस गाने में डाला गया हैंस गाने के माध्यम से देश और दुनिया भर के लोग चिकित्सा कर्मचारियों और डॉक्टरों के लिए अत्यंत सम्मान और आभार प्रकट कर रहे हैं।

अंत में अक्की सभी को एक विशेष संदेश देते है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ऋतिक रोशन ने इस गाने को बनाने के लिए पूरी टीम की प्रशंसा की। अभिनेता ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'यह बहुत शानदार है। इस गाने को बनाने के लिए एक साथ आने वाली सभी प्रतिभाओं को मेरी ओर से आभार।' इस बीच ऋतिक और अक्षय ने चल रहे कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए राहत राशि में एक बड़ी राशि का योगदान दिया है।

गौरतलब है कि देश में चल रहे कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच कई कोरोना वारियर्स अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा तन–मन से लगे हुए हैंस अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन दोनों ही सामजिक तौर पर लोगों की सहायता करते हैंस अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन दोनों ही देश के बड़े कलाकार हैं और दोनों ने कई फिल्मों में काम किया हैं और दोनों ही देश में बड़े सुपरस्टार के तौर पर जाने जाते हैं।

## जिंदगी की जंग हार गए इरफान खान, 54 की उम्र में कैंसर से निधन, पद्मश्री, नेशनल अवॉर्ड से लेकर जीत चुके हैं फिल्मफेयर पुरस्कार



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया




बॉलीवुड स्टार इरफान खान का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है. वो लंबे समय से कैंसर से जंग लड़ रहे थे. इरफान ने बुधवार की सुबह 11 बजे के करीब मुंबई के कोकिला. बेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में आखिरी सांस ली. मंगलवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्हें आईसीयू में रखा गया था.

इरफान के आधिकारिक प्रवक्ता द्वारा जानकारी दी गई थी कि उनकी हालात स्थिर है और उन्हें कोलोन इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. देर रात ये भी दावा किया गया था कि अब उनकी तबीयत में सुधार है और उनकी मौत की खबरें झूठी हैं. लेकिन आज सुबह उनकी मौत की जानकारी दी गई. इरफान खान की मौत की जानकारी देते हुए परिवार की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया गया है, जो काफी भावुक कर देने वाला है.




जारी बयान में कहा गया, '' 'मुझे भरोसा है, मैंने आत्मसमर्पण कर दिया है'. इरफान खान अक्सर इन शब्दों का प्रयोग किया करते थे. साल 2018 में कैंसर से लड़ते समय भी इरफान ने अपने नोट में ये बात कही थी. इरफान खान बेहद कम शब्दों में अपनी बात कहा करते थे और बात करने के लिए आंखों का ज्यादा इस्तेमाल करते थे.''

आपको बता दें कि इरफान खान इस समय बीमारी के साथ–साथ काफी इमोशनल दौर से गुजर रहे थे. 25 अप्रैल को ही इरफान खान की मां सईदा बेगम का निधन हुआ था. हालांकि कोरोना के चलते हुए लॉकडाउन के चलते वो अपनी मां के अंतिम दर्शन तक नहीं कर सके थे. इरफान खान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी मां को अंतिम विदाई दी थी.

के बारे में खुद खुलासा किया था. उन्होंने फैंस के साथ बेहद भावुक कर देने वाला नोट साझा किया था. इरफान ने ट्वीट में लिखा था, ''अप्रत्याशित चीजें हमें आगे बढ़ाती हैं, मेरे पिछले कुछ दिन ऐसे ही रहें हैं, मुझे पता चला है कि एंडोक्राइन ट्यूमर है. इससे गुजरना काफी मुश्किल है. लेकिन मेरे आस पास लोगों का जो प्यार और साथ है उससे मुझे उम्मीद है. इसके लिए मुझे देश से बाहर जाना पड़ेगा. मैं सबसे गुजारिश करूंगा कि मुझे अपनी दुआओं में शामिल रखें, जैसी अफवाहें थीं मैं बताना चाहूंगा कि न्यूरो का मतलब हमेशा सिर्फ दिमाग से नहीं होता, आप गूगल के जरिए इसके बारे में रिसर्च कर सकते हैं.''

### पद्मश्री थे इरफान खान

सिने जगत में अपने योगदान के लिए इरफान खान को कई बड़े पुरस्कारों से नवाजा जा चुका था. इरफान खान को 2011 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. इसके अलावा साल 2012 में उन्हें फिल्म पान सिंह तोमर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मा. नित किया गया था. इन्हें 2004 में बेस्ट एक्टर फॉर निगेटिव रोल के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया था. इसके अलावा 2008 में बेस्ट एक्टर इन सपोर्टिंग रोल का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था.

### ये था इरफान खान का आखिरी ट्वीट

इसी महीने 12 अप्रैल को इरफान ने आखिरी ट्वीट किया था. जिसमें उन्होंने लिखा था, ''मिस्टर चंपक का स्टेट ऑफ माइंड इस समय, अंदर से प्यार, जिसे वो बाहर दिखाना चाहता है.'' इरफान खान ने ये ट्वीट अपनी आखिरी फिल्म के ऑनलाइन रिलीज होने के मौके पर किया था.

## बार्क ने 2020 के 14वें हफ्ते की टीवी रेटिंग लिस्ट जारी, रामायण सभी केटेगरीज में नम्बर वन शो बना हुआ है, वहीं डीडी नेशनल नम्बर वन चैनल, महाभारत भी टॉप 5 की लिस्ट में शामिल

न्यूज टुडे टीम फिल्म अपडेट :
मुम्बई, महाराष्ट्र :




कोरोना वायरस लॉकडाउन अवधि में रामायण ने दूरदर्शन के सुनहरे दिनों को लौटा दिया है। बार्क ने 2020 के 14वें हफ्ते की जो टीवी रेटिंग लिस्ट जारी की है, उसके मुताबिक रामायण सभी केटेगरीज में नम्बर वन शो बना हुआ है, वहीं डीडी नेशनल नम्बर वन चौनल साबित हुआ है। महाभारत भी टॉप 5 की लिस्ट में शामिल है। हालांकि, रामायण के मुकाबले इसकी दर्शनीयता काफी कम है।

ब्रॉडकास्ट ऑडिएंस रिसर्च काउंसिल शहरी और ग्रामीण इलाकों के दर्शकों की अलग–अलग लिस्ट जारी करता है। इसके साथ एक संयुक्त लिस्ट भी जारी करता है। ग्रामीण इलाक ों के दर्शकों ने रामायण को नम्बर वन शो बनाया है। इस लिस्ट में डीडी नेशनल पर आ रही रामायण 27169 इम्प्रेशंस के साथ पहले नम्बर पर रहा, जबकि डीडी भारती पर प्रसारित हो रहा महाभारत धारावाहिक 6228 इम्प्रेशंस के साथ पांचवें स्थान पर आया। बीच के तीनों पायदान दंगल चौनल के शोज प्यार की लुकाछुपी, बाबा ऐसो वर ढूंढो और महिमा शनिदेव की के नाम रहे। शहरी इलाकों के दर्शकों की बात करें तो यहां पसंद कुछ बदली हुई है। टॉप 4 पोजिशन दूरदर्शन के नाम हैं। 34228 इम्प्रेशंस के साथ रामायण पहले पायदान पर है, जबकि 10524 इम्प्रेशंस के साथ महाभारत दूसरे स्थान पर है। आश्चर्यजनक रूप से 4300 इम्प्रेशंस के साथ डीडी नेशनल का शो इंडिया फाइट्स कोरोना 9 पीएम 9 मिनट्स तीसरे स्थान पर आया है।

डीडी नेशनल पर आ रहा बच्चों का शो शक्तिमान 3247 इम्प्रेशंस के साथ चौथे पायदान पर रहा। जबकि पांचवां स्थान 2839 इम्प्रेशंस के साथ दंगल के शो महिमा शनिदेव शो को मिला है।
अब अगर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की संयुक्त लिस्ट देखें तो यहां भी पहला स्थान डीडी नेशनल के शो रामायण को मिला है, जिसने 61397 इम्प्रेशंस हासिल किये। वहीं, दूसरे स्थान पर डीडी भारती का शो महाभारत है, जिसे 16750 इम्प्रेशंस मिले हैं। बाकी तीनों स्थान दंगल चौनल के शो प्यार की लुका छुपी, महिमा शनिदेव की और बाबा ऐसो वर ढूंढो को इसी क्रम में मिले हैं।

लगता है कि कोरोना वायरस लॉकडाउन पीरियड में दर्शकों की प्राथमिकताएं काफी बदल गयी हैं। इसीलिए टॉप 5 में दंगल को छोड़कर किसी भी निजी चौनल के शोज जगह नहीं पा सके हैं। रामायण धारावाहिक पहली बार 1987 में दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया था। इसका पुनः प्रसारण 28 मार्च को डीडी नेशनल पर किया जा रहा है, वहीं महाभारत का पहली बार प्रसारण 1988 में हुआ था। इस बार प्रसारण 28 मार्च से डीडी भारती पर किया जा रहा है।

युवराज न्यूज़ टुडे
RNI:- BIHHIN05409
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
आपकी आवाज़
newstodayupdate.in
NEWS TODAY UPDATE
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal







Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830